नए मुसलमान बने लोगों के कुछ सामान्य प्रश्न

रेटिंग: TOP20

विवरण: ?? ?? ???? ???? ?? ??????? ??????? ?? ??? ???? ?? ???????? ?? ?? ????????? ?????? ????? ???? ???? ???? ???????? ?? ??????

श्रेणी: पाठ › सामाजिक बातचीत › परिवर्तन का मुकाबला

द्वारा: NewMuslims.com

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य

- नए मुसलमान बने लोगो द्वारा उनकी शुरुआती चिंताओं को दूर करने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले कुछ सवालों के जवाब।

अरबी शब्द

- *?????* - आस्था की गवाही।
- *??????????????* - सभी प्रशंसा और धन्यवाद अल्लाह के लिए है। यह कहकर हम आभारी होते हैं और हम स्वीकार करते हैं कि सब कुछ अल्लाह की ओर से है।
- *???? ?? ?????* - शुक्रवार की नमाज।

(1) मैंने हाल ही में इस्लाम स्वीकार किया है, क्या मुझे अपना नाम बदलने की आवश्यकता है?

नहीं, आपको अपना नाम तब तक बदलने की ज़रूरत नहीं है जब तक कि इसका अर्थ इस्लामी रूप से आपत्तिजनक न हो। पैगंबर (उनपर अल्लाह की दया और आशीर्वाद हो) ने इस्लाम स्वीकार करने वाले सभी लोगों को अपना नाम बदलने का आदेश नहीं दिया। चूंकि अरबी नामों के आम तौर पर अर्थ होते हैं, इसलिए उन्होंने आपत्तिजनक या धार्मिक रूप से आपत्तिजनक अर्थों वाले नाम को बदल दिया। अगर नाम इस्लामी रूप से आपत्तिजनक नहीं है और मुस्लिम नाम रखने की *????* दी जाती है,

फिर भी ऐसा करना बाध्य नहीं है।

अगर आपका पहला नाम इस्लामी सिद्धांतों का खंडन करता है और इसे आधिकारिक दस्तावेजों में बदलने से आपको बहुत परेशानी या नुकसान होगा, तो इसे सिर्फ परिवार और परिचितों के बीच बदलना पर्याप्त है।

यदि आप अपना नाम बदलते हैं, तो परिवार का नाम या अपने पति का नाम न बदलें भले ही वह एक अस्वीकार्य नाम हो, बस केवल आपका पहला नाम बदल लें। क़ुरआन में अल्लाह कहता है:

“उन्हें पुकारो, उनके बापों से संबन्धित करके, ये अधिक न्याय की बात है अल्लाह के समीप” (क़ुरआन 33:5)

(2) मैं खतनारहित पुरुष हूँ जिसने अभी-अभी इस्लाम स्वीकार किया है। क्या मुझे खतना करवाना होगा?

हां, इस्लाम अपनाने के बाद खतना करवाना अनिवार्य है। हालाँकि, यदि आप इसे पूरा करने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं या डर है कि यह आपको नुकसान पहुँचाएगा, तो आप इसे छोड़ सकते हैं या इसे करने में देरी कर सकते हैं। यदि आप पूजा के इस पुण्य कार्य को करना चाहते हैं, तो आपको इसे करने के लिए जल्दबाजी करने की ज़रूरत नहीं है। सुनिश्चित करें कि खतना करवाने से पहले आपको खतना करने में सक्षम एक अच्छा सर्जन मिल जाए। त्वचा के घाव को पूरी तरह से ठीक होने में लगभग एक सप्ताह का समय लगता है। इसे करने का एक लाभ यह है कि इससे पेशाब करने या वीर्य निकलने के बाद खुद को साफ करना और स्वच्छता बनाए रखना आसान हो जाता है, जिससे प्रार्थना के दौरान आपके कपड़े और त्वचा दोनों साफ़ रहे।

(3) क्या मुझे लोगों के सामने आस्था की गवाही (शहादा) को कहना है?

नहीं, आपको इन दो गवाही को कहने की जरूरत नहीं है:

?? ????? ?????????, ???????-??-????-??????,

...लोगों के सामने ईश्वर की नजर में मुसलमान माने जाने के लिए। आप इसे अपने आप से कह सकते हैं।

महत्वपूर्ण यह है कि:

(i) आप आस्था की गवाही का अर्थ जानते हैं

(ii) आप वास्तव में दो गवाही को मौखिक रूप से बोलते हैं

(iii) आपका दिल इसकी पुष्टि करता है, आप वास्तव में इस पर विश्वास करते हैं, और इसके अनुसार अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से जीने का इरादा रखते हैं

अल्लाह के दूत ने कहा:

"मैं गवाही देता हूं कि अल्लाह के सिवा कोई पूजा के लायक नहीं है और मैं अल्लाह का दूत हूं। हर सेवक जो अल्लाह से बिना शक के मिलेगा उसे जन्नत में भेजा जाएगा।" (सहीह मुस्लिम)

उन्होंने यह भी कहा,

“जो कोई भी अपने दिल से 'ला इलाहा इल्लल्लाह' सच-सच कहता है और इस पर मर जाता है, वे नरक-आग से सुरक्षित रहेंगे (यानी उन्हें स्वर्ग में भेजा जाएगा)।" (स*??? ??-??????*)

इसके साथ ही यह भी पूरी तरह से ठीक है और आपके फायदे के लिए है की आप इसे सार्वजनिक रूप से, जैसे कि एक मस्जिद में, सबके सामने कहें, ताकि लोग जान सकें कि आप एक मुस्लिम हैं। कुछ देशों में लोगों को मुस्लिम के रूप में पंजीकृत होना पड़ता है ताकि मृत्यु होने पर उस व्यक्ति को मुस्लिमों के अनुसार दफन किया जा सके। इसके अलावा, अपने स्थानीय इस्लामिक केंद्र से एक पत्र लेना भी ठीक है जिसमें कहा गया हो कि आप एक मुस्लिम हैं। हज की यात्रा पर जाने के लिए आवेदन करते समय या किसी मुस्लिम देश में आधिकारिक रूप से विवाह करने के लिए यह उपयोगी हो सकता है।

(4) दो गवाही को मौखिक रूप से कहना क्यों आवश्यक है?

गवाही वस्तुतः एक ऐसी चीज है जो मौखिक रूप से दी जाती है और घोषित की जाती है, दिल में नहीं रखी जाती है। इसलिए आस्था की गवाही की घोषणा की जानी चाहिए, और पैगंबर ने खुद कहा की जो व्यक्ति इस्लाम को स्वीकार करता है उसे यह करना चाहिए। इसके अलावा, इसे अरबी में कहना चाहिए, क्योंकि यह कथन एक विशिष्ट प्रार्थना है जिसका उच्चारण अरबी में किया जाता है।

(5) सामाजिक अवसरों के लिए मुझे कौन से सामान्य इस्लामी अभिवादन को जानना चाहिए?

सबसे महत्वपूर्ण दो हैं। जब आप किसी मुस्लिम साथी से मिलते हैं, तो अभिवादन की शुरुआत करने वाला कहता है, '*??-?????' ????-???*। दूसरा जवाब देता है, '*?? '????-??? ??-????*।' पुरुष पुरुषों से हाथ मिलाते हैं और महिलाएं महिलाओं से हाथ मिलाती हैं। वह पुरुष जो महिलाओं के *????*[1] नहीं हैं उन्हें उनसे से हाथ नहीं मिलाना चाहिए।

इसके अलावा, एक मुसलमान छींकने पर और अच्छी खबर मिलने या सुखद स्थिति बताते हुए कहता है, '*??????????????*' (सभी प्रशंसा और धन्यवाद अल्लाह के लिए हैं)।

यदि कोई कहता है कि वे भविष्य में कुछ करेंगे, तो उन्हें कहना चाहिए, "*????-??????* (ईश्वर की इच्छा से)।

इसके अलावा, यदि कोई किसी चीज़ या किसी व्यक्ति की प्रशंसा करता है, तो उन्हें क्रमशः "*????-??????? ???* (अल्लाह इसे आशीर्वाद दे), या *????-??????? ????* (अल्लाह आपको आशीर्वाद दे)" कहना चाहिए।

ये सभी बातें इस्लाम के पैगंबर ने सिखाई हैं।

(6) मैंने हाल ही में इस्लाम कबूल किया है। मुझे उस समय खुशी का अनुभव हुआ, लेकिन कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि क्या इस्लाम मुझे ईश्वर के करीब ला रहा है?

निःसंदेह इस्लाम व्यक्ति को उसके रचयिता के करीब लाता है। ईश्वर आपसे प्यार करता है और चाहता है कि आप मुसलमान बनें। तो इसके लिए निश्चिंत रहें। इस्लाम ईश्वर के एक होने में विश्वास करा कर और पूजा के विभिन्न कृत्यों के माध्यम से मनुष्य को उसके सच्चे ईश्वर से जोड़ता है। जो जितना ज्यादा अल्लाह की पूजा करता है, वो उतना ही उसके करीब आता है। अनिवार्य कर्मों को किये बिना कोई भी अल्लाह के करीब नहीं आ सकता, जैसा कि पैगंबर ने कहा:

> "सर्वशक्तिमान ईश्वर ने कहा, 'मैंने अपने प्रिय दास से शत्रुता दिखाने वाले से युद्ध की घोषणा की है। मेरा दास मेरे करीब तब तक नहीं आता जब तक मेरे बताये कार्यो को न करे जिससे मै अधिक प्यार करता हूँ, और वह स्वेच्छा से पूजा के कार्यों को कर के मेरे करीब आता है जब तक कि मैं उससे प्यार नहीं

करता। जब मैं उससे प्रेम करता हूं, तो मैं उसका श्रवण बन जाता हूं जिससे वह सुनता है, उसकी दृष्टि जिसके वह देखता है, उसका हाथ जिससे वह मारता है, और उसका पैर जिससे वह चलता है। अगर वह मुझसे कुछ मांगेगा, तो मैं उसे दे दूंगा। अगर वह मुझसे शरण मांगेगा, तो मैं उसे शरण दूंगा।'" (???? ???????) [पैगंबर के इस कथन को शाब्दिक रूप से नहीं लिया जाना चाहिए, बल्कि इसका मतलब यह है कि व्यक्ति को उसी अनुसार कार्य करना चाहिए जिससे ईश्वर प्रसन्न हो। उदाहरण के लिए, वह अस्वीकार्य चीजों को नहीं करेगा, केवल वही सुनेगा जो उपयोगी और फायदेमंद है जैसे क़ुरआन सुनना, इस्लामी उपदेश सुनना, आदि।]

पाठ्यक्रम पर बने रहें। धैर्य रखें। अपने आप को एक मुसलमान के रूप में विकसित होने का समय दें। सीखना महत्वपूर्ण है और अच्छे मुस्लिम दोस्त बनाना भी।

(7) मैं इस्लाम मे नया हूं लेकिन मैं किसी मुसलमान को नहीं जानता, और मुझे मस्जिद जाने मे डर लग रहा है, क्या मेरी मदद करने के लिए कोई उपलब्ध है?

हमारी वेबसाइट की ई-लर्निंग सामग्री में आपका स्वागत है। आप सहायता पृष्ठ के माध्यम से भी हमसे संपर्क कर सकते हैं और हमें आपको आपके करीबी साथी मुसलमानों से मिलवाने में खुशी होगी। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह आपको आशीर्वाद दे, और आपको सत्य को धारण करने में दृढ़ बनाए रखें। ईश्वर वह है जो सत्य और प्रकाश के मार्ग का मार्गदर्शन करता है।

(8) किसी ने मुझसे कहा कि मुसलमान गैर-मुसलमानों से कोई संबंध नहीं रख सकता, क्या यह सच है? मेरा पूरा परिवार गैर-मुस्लिम है और मैं अपने परिवार से संबंध नहीं तोड़ना चाहता।

झूठी जानकारी से सावधान रहें। आपको जो बताया गया वह गलत है। इस्लाम हमें अपने रिश्तेदारों के प्रति दयालु और उदार होने के लिए प्रोत्साहित करता है चाहे वे मुस्लिम हों या नहीं। विशेष रूप से, माता-पिता का हम पर बहुत बड़ा अधिकार है। यहां आपको ऐसे पाठ मिलेंगे जहां आप इसके बारे में और अधिक जानेंगे।

(9) मैंने सुना है कि ????-??-???? (शुक्रवार की प्रार्थना) में शामिल होना अनिवार्य है। यदि मेरा नियोक्ता मुझे इसमे शामिल

होने के लिए समय नहीं देता है तो क्या होगा?

आपको अनिवार्य रूप से अपने नियोक्ता को यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि आप *???? ??-????* (शुक्रवार की प्रार्थना) में भाग लेते हैं। *???? ??-????* लगभग 45 मिनट से 1 घंटे तक होती है, इसलिए आप अपने लंच ब्रेक का उपयोग कर सकते हैं । यदि आवश्यक हो तो थोड़ा अधिक लंच ब्रेक लेने और उस समय को पूरा करने की व्यवस्था करें। किसी भी मामले में, आपको अपने नियोक्ता से शुक्रवार को *???? ??-????* के लिए समय निकालने के लिए कहने का अधिकार है। विशिष्ट कानूनी सलाह के लिए, कृपया नीचे सूचीबद्ध वेबसाइटों से संपर्क करें।

अमेरीका

https://www.cair.com/

https://www.eeoc.gov/eeoc/publications/fs-religion.cfm

यूके

www.ihrc.org.uk

www.cre.gov.uk/index.html

ऑस्ट्रेलिया

www.amcran.org

www.lawlink.nsw.gov.au/adb

फुटनोट:

[1] स्त्री का *????* उसके पिता, दादा और उनके भाई, उसकी दादी के भाई, साथ ही उसके अपने पति और भाई हैं। यह बात पुरुष पर भी लागू होती है लेकिन विपरीत लिंग के संबंध में।

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/26

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।